प्रेषक,

सर्वे कमिश्नर वक्फ उ0प्र0,
824-जवाहर भवन, लखनऊ।

सेवा में,

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/
सहायक सर्वे कमिश्नर वक्फ,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

संख्याः 42 /व0आ0- 19(109)/2025-297800 दिनांकः 10.05.2026

विषयः वक्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड किये जाने एवं सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में दिनांक 23.01.2026 को सम्पन्न समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त में दिये गये निर्देशों के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-419/52-2-2026 दिनांक 18.03.2026 व उसके साथ संलग्न मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 सुन्नी सेण्ट्रल वक्फ बोर्ड, लखनऊ के पत्र संख्या-0038/सी0ई0ओ0-2026 दिनांक 22.01.2026 तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 शिया सेण्ट्रल वक्फ बोर्ड, लखनऊ के पत्र संख्या-965/समस्या/उम्मीद पोर्टल-सी0डब्लू0सी0-नई दिल्ली-2025 दिनांक 24.12.2025 एवं विशेष सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1 के पत्र संख्या-109/52-1-2026 दिनांक 24.02.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त के संबंध में मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 सुन्नी सेण्ट्रल वक्फ बोर्ड, लखनऊ के पत्र दिनांक 22.01.2026 तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 शिया सेण्ट्रल वक्फ बोर्ड, लखनऊ के पत्र दिनांक 24.12.2025 द्वारा भारत सरकारी को वक्फ सम्पत्तियों को उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल पर अपलोड किये जाने के संबध में आ रही समस्याओं से अवगत कराते हुये कतिपय सुझाव दिये गये है तथा संबंधित को निर्देशित करने का अनुरोध किया है। उक्त के अतिरिक्त विशेष सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1 के पत्र दिनांक 24.02.2026 द्वारा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, पी0एम0विकास एवं वक्फ से संबंधित प्रकरण की सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में दिनांक 23.01.2026 को सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त उपलब्ध कराते हुये निर्देशित किया गया है कि उम्मीद पोर्टल पर अपलोड की गयी जानकारी निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुरूप नहीं है तथा निर्देशित किया गया है कि उक्त अपलोड की गयी जानकारी को एक माह की अवधि के भीतर दुरूस्त किया जाये। इसके

अतिरिक्त 50 एकड़ से अधिक भूमि क्षेत्र से संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुये उम्मीद पोर्टल पर अपलोड की गयी जानकारी/दस्तावेजों के संकलन एवं स्पष्टीकरण हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलावार शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये है।

अतः उक्त के आलोक में शासन के पत्र दिनांक 18.03.2026 की प्रति संलग्न करते हुये इस आशय से प्रेषित है कि कृपया विषयगत प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नकःयथोक्त।

Digitally signed by
VIJAI KUMAR MISRA
Date: 11-05-2026
10:20:57

(विजय कुमार मिश्र)
सहायक सर्वे कमिश्नर वक्फ,उ0प्र0।

<u>उपरोक्त संख्या तथा दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1-विशेष सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।
2-निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0, इंदिरा भवन, लखनऊ।
3- जिलाधिकारी समस्त जनपद उ0प्र0।
4- मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 सुन्नी सेण्ट्रल वक्फ बोर्ड, लखनऊ।
5- मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 शिया सेण्ट्रल वक्फ बोर्ड, लखनऊ।

(विजय कुमार मिश्र)
सहायक सर्वे कमिश्नर वक्फ,उ0प्र0।